वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला का पुष्प नं. 410
ISBN-978-93-82071-97-6

सप्तपरम स्थान विधान

-रचयित्री-

पूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि
(दो बार डी.लिट्. की मानद उपाधि से अलंकृत)
श्री ज्ञानमती माताजी

जैनधर्म में वर्तमानकाल के प्रथम तीर्थंकर आदिब्रह्मा भगवान ऋषभदेव के मोक्षकल्याणक माघ कृष्णा चौदस 29 जनवरी 2014 के अवसर पर परम पूज्य चारित्र चंद्रिका गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के अमृतमहोत्सव 2013-14 के अंतर्गत प्रकाशित

-प्रकाशक-

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान
जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.ए फोन नं.- (01233) 280184, 280994
Website : www.jambudweep.org, www.encyclopediaofjainism.com
E-mail : jambudweeptirth@gmail.com
Facebook : jaintirthjambudweep

प्रथम संस्करण	वीर नि. सं. 2540,	मूल्य
1100 प्रतियाँ	माघ वदी ग्यारस, 29 जनवरी 2014	32/-रु.

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान द्वारा संचालित

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमाला में दिगम्बर जैन आर्षमार्ग का पोषण करने वाले हिन्दी, संस्कृत, प्राकृत, कन्नड़, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं के न्याय, सिद्धान्त, अध्यात्म, भूगोल-खगोल, व्याकरण आदि विषयों पर लघु एवं वृहद् ग्रंथों का मूल एवं अनुवाद सहित प्रकाशन होता है। समय-समय पर धार्मिक लोकोपयोगी लघु पुस्तिकाएँ भी प्रकाशित होती रहती हैं।

-: संस्थापिका एवं प्रेरणास्रोत :-

परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी
(दो बार डी.लिट्. की मानद उपाधि से अलंकृत)

-: मार्गदर्शन :-

प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी
(पीएच.डी. की मानद उपाधि से अलंकृत)

-: निर्देशक एवं सम्पादक:-

कर्मयोगी पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामीजी

-: प्रबंध सम्पादक :-

जीवन प्रकाश जैन

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

कम्पोजिंग - ज्ञानमती नेटवर्क
जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.

सम्पादकीय

पीठाधीश स्वस्ति श्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामी

अर्हन्तो मंगलं कुर्युः सिद्धाः कुर्युश्च मंगलम्।
आचार्याः पाठकाश्चापि साधवो मम मंगलम्।।

पूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी ने बीसवीं इक्कीसवीं शताब्दी में साहित्य सृजन की अविरल धारा को प्रवाहित करके जैनधर्म की अद्भुत प्रभावना की है तथा जैन साहित्य जगत पर भी अनंत उपकार किए हैं। विशेषरूप से आपकी लेखनी से प्रसूत पद्य साहित्य अर्थात् पूजा विधान से जन-जन को अमोघ शस्त्र के रूप में भक्ति का मार्ग प्राप्त हुआ है।

विधानों की श्रृंखला में यह 'सप्तपरमस्थान विधान' अपने आप में एक महत्त्वपूर्ण विधान है। इसमें प्रथम 'सज्जाति' परमस्थान सबसे महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इसके बिना अन्य स्थान प्राप्त नहीं हो सकते। जैन समाज में 84 जातियाँ मानी जाती हैं सभी अपने-अपने में शुद्ध हैं। सज्जाति का मतलब जैसे-खण्डेलवाल जाति के लोगों का खण्डेलवाल जाति में विवाह संबंध होना सज्जाति है। आज सबसे ज्यादा आवश्यकता है कि लोग अपनी ही जाति में विवाह सम्बन्ध करें। अभी तक जितने भी तीर्थंकर, महापुरुष आदि हुए हैं सभी सज्जाति वाले ही रहे हैं।

आचार्य श्री जिनसेन स्वामी ने लिखा है-'विशुद्धकुलगोत्रस्थ सद्वृत्तस्य वपुष्मतः'' अर्थात् विशुद्ध कुल-गोत्र में उत्पन्न सदाचार-सम्पन्न और सुन्दर शरीर वाले ही जिन-दीक्षा धारण करने के पात्र हैं। जिसका खानदान शुद्ध है वही दीक्षा का अधिकारी है।

पूज्य माताजी की सतत यही भावना रहती है कि लोग इस बात को समझें और सज्जाति को महत्त्व दें। इसके लिए अनेक बार खानदान, खानपान शुद्धि पर पूज्य माताजी की प्रेरणा से संगोष्ठी हो चुकी हैं। माताजी दर्शनार्थ आने वाले भक्तों को, बालक, बालिकाओं को नियम देती हैं कि आप सभी लोग सज्जाति में ही संबंध करें। सज्जाति के साथ आगे के अन्य परमस्थानों को प्राप्त करने के लिए आप सभी सप्त तीर्थंकरों की पूजा, आराधना, भक्ति करें।

यह विधान सभी के जीवन में सप्तपरमस्थान को प्राप्त करावे, यही मंगल भावना है। पूज्य माताजी दीर्घायु हों, स्वस्थ रहें, और उनके आशीर्वाद से वीर ज्ञानोदयग्रन्थमाला उत्तरोत्तर उन्नति को प्राप्त हो, यही जिनेन्द्रदेव से मंगल कामना है।

प्रस्तावना

प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती

सज्जातिः सद्गृहित्वं च, पारिव्राज्यं सुरेन्द्रता।
साम्राज्यं परमार्हन्त्यं, परिनिर्वाणमित्यपि।।

आदिपुराण पर्व 38, श्लोक 67 में लिखा है—सज्जाति, सद्गृहस्थ-श्रावक के व्रत, पारिव्राज्य-मुनियों के व्रत, सुरेन्द्रता, साम्राज्य-चक्रवर्ती पद, अरिहन्त पद और निर्वाण पद ये सात परमस्थान कहलाते हैं। सम्यग्दृष्टि जीव क्रम-क्रम से इन परमस्थानों को प्राप्त कर लेता है।

पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने 'सप्तपरमस्थान तीर्थंकर विधान' में एक समुच्चय पूजन के साथ सज्जाति परमस्थान प्रदायक श्री ऋषभदेव, सद्गृहस्थ परमस्थान प्रदायक श्री चन्द्रप्रभ, पारिव्राज्य परमस्थान प्रदायक श्री नेमिनाथ, सुरेन्द्र परमस्थान प्रदायक श्री पार्श्वनाथ, साम्राज्य परमपद प्रदायक श्री शीतलनाथ, आर्हन्त्य परमस्थान प्रदायक श्री शांतिनाथ एवं निर्वाण परमस्थान प्रदायक श्री महावीर भगवान की पूजा दी है।

इस विधान में पूज्य माताजी ने सर्वप्रथम मंगलाचरण में लिखा है-

सप्ततीर्थंकरा लोके, सप्तपरमस्थानदाः।
सर्वसिद्धिप्रदातार-स्तेभ्यो मेऽनन्तशो नमः।।

अर्थात् इस लोक में सप्तपरमस्थान को देने वाले सप्त तीर्थंकर भगवान जो सर्वसिद्धि प्रदान करने वाले हैं उन्हें मेरा अनन्तबार नमस्कार है। मंगलाचरण के पश्चात् सप्त परमस्थान तीर्थंकर पूजा (समुच्चय पूजा) है। सप्तपरमस्थान में सज्जाति नाम का प्रथम परमस्थान प्रमुख है क्योंकि सज्जाति के बिना आगे के स्थान प्राप्त नहीं हो सकते। इस समुच्चय पूजा की जयमाला में लिखा है-

शुभजाति गोत्र वरवंश तिलक, जो सज्जाती के जन्मे हैं।
जो उभय पक्ष की शुद्धि सहित, औ उच्च गोत्र में जन्मे हैं।।
वे प्रथम परम पद सज्जाती, पाकर छह पद के अधिकारी।
वह सज्जाती स्थान सदा, भव भव में होवे गुणकारी।।

समुच्चय पूजा के बाद सप्तपरमस्थान प्रदायक श्री ऋषभदेव आदि सात तीर्थंकरों की पूजा है। छह तीर्थंकरों की पूजा में उन-उन तीर्थंकरों के 54-54 गुणों के अर्घ्य हैं। अतः 54 x 6 = 324 अर्घ्य हैं। अंतिम महावीर भगवान की पूजा में 108 अर्घ्य हैं अतः 324+108=432 अर्घ्य हैं। प्रत्येक पूजा में 1-1 पूर्णार्घ्य हैं अतः 7 पूर्णार्घ्य हैं एवं बड़ी जयमाला मिलाकर 9 जयमालायें हैं।

प्रत्येक पूजा के अंत में पूज्य माताजी ने इस सप्तपरमस्थान विधान की महिमा बताते हुए लिखा है-

जो सप्तपरमस्थान तीर्थंकर विधान सदा करें।
वे भव्य क्रम से सप्त परमस्थान की प्राप्ती करें।।
संसार के सुख प्राप्त कर फिर सिद्धिकन्या वश करें।
सज्ज्ञानमति रविकिरण से भवि मन कमल विकसित करें।।

इस विधान की बड़ी जयमाला में सातों तीर्थंकरों की महिमा, विशेषता, अतिशय, एवं गुणों का वर्णन करते हुए पूज्य माताजी ने श्री ऋषभदेव, चंद्रप्रभ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ, शीतलनाथ, शांतिनाथ एवं महावीर स्वामी को अनंतसुख की प्राप्ति के लिए अनंत बार नमस्कार किया है-

सप्त परमस्थान पद, सप्त तीर्थंकर वंद्य।
नमूँ अनंतों बार मैं, पाऊँ सौख्य अनंत।।

इस प्रकार इस विधान में कुल 8 पूजा, 432 अर्घ्य, 7 पूर्णार्घ्य एवं 9 जयमालाएँ हैं। अंत में प्रशस्ति है। पूज्य माताजी की प्रेरणा से हस्तिनापुर में सप्तपरमस्थान तीर्थंकर का मन्दिर (तीनमूर्ति मंदिर के ऊपर शिखर में) भी बन गया है और उसमें प्रतिष्ठित सप्तपरमस्थान तीर्थंकर भगवान विराजमान हैं, जिनका दर्शन, वंदन कर आप सभी अपने जीवन को धन्य करें।

यह विधान सभी के जीवन में मंगलकारी हो, सप्तपरमस्थान को प्रदान करने वाला हो, भव-भव के संचित पाप पुंज को नष्ट करने वाला हो, इन्हीं मंगल भावनाओं के साथ पूज्य माताजी के पावन चरणों में कोटि-कोटि नमन।

दो शब्द

आर्यिका सुव्रतमती

श्री कुंदकुंद कृत आचार्य भक्ति में लिखा है-

देसकुलजाइसुद्धा विसुद्धमणवयणकाय संजुत्ता।
तुम्हं पायपयोरुहमिह मंगल मत्थु मे णिच्चं।।

अर्थात् देश, कुल, जाति से शुद्ध, विशुद्ध मन, वचन, काय से संयुक्त, ऐसे हे गुरुदेव! तुम्हारे चरण कमल हमारे लिए हमेशा मंगलमयी होवें।

त्रिलोकसार ग्रंथ में सिद्धान्त चक्रवर्ती श्री नेमिचन्द्राचार्य ने गाथा 914 में लिखा है-

दुब्भावअसुयसूदगपुप्फईजाइसंकरादीहिं।
कयदाणा वि कुवत्ते जीवा कुणरेसु जायंते।।914।।

अर्थात् दुर्भाव, अशुद्धि, सूतक-पातक दोष से युक्त, रजस्वला स्त्री और जाति संकर आदि दोष से दूषित लोग यदि दान देते हैं तो वे कुभोग भूमि में जन्म लेते हैं तथा जो कुपात्र में दान देते हैं वे भी कुभोग भूमि में जन्म लेते हैं।

आचार्यों के वचनों को प्रमाण मानते हुए आप सभी को अपनी जाति को शुद्ध रखना है क्योंकि जाति संकर से दूषित कुल में मोक्षमार्ग परम्परा नहीं चलती, सज्जाति परमस्थान के बिना पारिव्राज्य परम स्थान और मोक्ष मिलना असंभव है।

जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी चारित्र चन्द्रिका परम पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने इस युग के प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की आगम परम्परा का कट्टरता से पालन करते हुए सभी भव्य जीवों को अपना खानदान और खानपान शुद्ध रखने के लिए नितप्रति प्रेरणा देती रहती हैं। इसके लिए पूज्य माताजी ने 'सज्जाति' नाम से बहुत सुन्दर लेख लिखा है जिसे पढ़कर आप सभी आगम में दृढ़ हों और इस 'सप्त परमस्थान तीर्थंकर' विधान को करें, जिसमें सज्जाति आदि सप्तपरम स्थान की प्राप्ति के लिए सात तीर्थंकरों की भक्ति, पूजा का अवसर माताजी ने प्रदान किया है। मुख्यरूप से सभी को यह ध्यान रखना है कि सप्तपरम स्थान को प्राप्त करने के लिए सज्जाति परम आवश्यक है उसके बिना अन्य परमस्थान नहीं प्राप्त हो सकते।

इस युग के लिए वरदान स्वरूप, भूले भटके प्राणियों को मोक्षमार्ग में लगाने वाली, राष्ट्रगौरव, डी. लिट. की मानद उपाधि से अलंकृत, जैन भूगोल को धरती पर साकार कराने वाली परम पूज्य गणिनी आर्यिका शिरामेणि श्री ज्ञानमती माताजी के चरणों में सविनय वन्दामि वन्दामि वन्दामि।

परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि

श्री ज्ञानमती माताजी का संक्षिप्त-परिचय

-प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती

जन्मस्थान–टिकैतनगर (बाराबंकी) उ.प्र.

जन्मतिथि–आसोज सुदी 15 (शरदपूर्णिमा) वि. सं. 1991, (22 अक्टूबर सन् 1934)

जाति–अग्रवाल दि. जैन, **गोत्र**–गोयल, **नाम**–कु. मैना

माता-पिता–श्रीमती मोहिनी देवी एवं श्री छोटेलाल जैन

आजन्म ब्रह्मचर्य व्रत–ई. सन् 1952, बाराबंकी में शरदपूर्णिमा के दिन

क्षुल्लिका दीक्षा–चैत्र कृ. 1, ई. सन् 1953 को महावीरजी अतिशय क्षेत्र (राज.) में आचार्यरत्न श्री देशभूषण जी महाराज से। नाम-क्षुल्लिका वीरमती

आर्यिका दीक्षा–वैशाख कृ. 2, ई. सन् 1956 को माधोराजपुरा (राज.) में चारित्रचक्रवर्ती 108 आचार्य श्री शांतिसागर जी की परम्परा के प्रथम पट्टाधीश आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज के करकमलों से।

साहित्यिक कृतित्व–अष्टसहस्री, समयसार, नियमसार, मूलाचार, कातंत्र-व्याकरण, षट्खण्डागम आदि ग्रंथों के अनुवाद/टीकाएं एवं लगभग 300 ग्रंथों की लेखिका।

डी.लिट्. की मानद उपाधि–सन् 1995 में अवध वि.वि. (फैजाबाद) द्वारा एवं तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय मुरादाबाद द्वारा 8 अप्रैल 2012 को ''डी.लिट्.'' की मानद उपाधि से विभूषित।

तीर्थ निर्माण प्रेरणा–हस्तिनापुर में जंबूद्वीप, तेरहद्वीप, तीनलोक आदि रचनाओं के निर्माण, शाश्वत तीर्थ अयोध्या का विकास एवं जीर्णोद्धार, प्रयाग-इलाहाबाद (उ.प्र.) में तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली तीर्थ का निर्माण, तीर्थंकर जन्मभूमियों का विकास यथा-भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर (नालंदा-बिहार) में 'नंद्यावर्त महल' नामक तीर्थ निर्माण, भगवान पुष्पदंतनाथ की जन्मभूमि काकन्दी तीर्थ (निकट गोरखपुर-उ.प्र.) का विकास, भगवान पार्श्वनाथ केवलज्ञानभूमि अहिच्छत्र तीर्थ पर तीस चौबीसी मंदिर, हस्तिनापुर में जम्बूद्वीप स्थल पर भगवान शांतिनाथ-कुंथुनाथ-अरहनाथ की 31-31 फुट उत्तुंग खड्गासन प्रतिमा, मांगीतुंगी में निर्माणाधीन 108 फुट उत्तुंग भगवान ऋषभदेव की विशाल प्रतिमा, महावीर जी तीर्थ पर महावीर धाम में पंचबालयति मंदिर, शिर्डी में ज्ञानतीर्थ, सम्मेदशिखर में आचार्य श्री शांतिसागर धाम इत्यादि।

महोत्सव प्रेरणा–पंचवर्षीय जम्बूद्वीप महामहोत्सव, भगवान ऋषभदेव अंतर्राष्ट्रीय निर्वाण महामहोत्सव, अयोध्या में भगवान ऋषभदेव महाकुंभ मस्तकाभिषेक, कुण्डलपुर महोत्सव, भगवान पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक तृतीय सहस्राब्दि महोत्सव, दिल्ली में कल्पद्रुम महामण्डल विधान का ऐतिहासिक आयोजन इत्यादि। विशेषरूप से 21 दिसम्बर 2008 को जम्बूद्वीप स्थल पर विश्वशांति अहिंसा सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन भारत की तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटील द्वारा किया गया।

शैक्षणिक प्रेरणा–'जैन गणित और त्रिलोक विज्ञान' पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन, इतिहासकार सम्मेलन, न्यायाधीश सम्मेलन एवं अन्य अनेक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार, ऑनलाइन जैन इनसाइक्लोपीडिया आदि।

रथ प्रवर्तन प्रेरणा–जम्बूद्वीप ज्ञानज्योति (1982 से 1985), समवसरण श्रीविहार (1998 से 2002), महावीर ज्योति (2003-2004) का भारत भ्रमण।

इस प्रकार नित्य नूतन भावनाओं की जननी पूज्य माताजी चिरकाल तक इस वसुधा को सुशोभित करती रहें, यही मंगल कामना है।

विषयानुक्रमणिका

विषय	पृष्ठ संख्या
1. मंगलाचरण	1
2. सप्तपरमस्थान तीर्थंकर पूजा (समुच्चय पूजा)	2
3. सज्जाति परमस्थान प्रदायक श्री ऋषभदेव जिनपूजा	7
4. सद्गृहस्थ परमस्थान प्रदायक श्री चंद्रप्रभ पूजा	18
5. पारिव्राज्य परमस्थान प्रदायक श्री नेमिनाथ पूजा	27
6. सुरेन्द्र परमस्थान प्रदायक श्री पार्श्वनाथ पूजा	39
7. साम्राज्य परमपद प्रदायक श्री शीतलनाथ पूजा	51
8. आर्हन्त्य परमस्थान प्रदायक श्री शांतिनाथ पूजा	62
9. निर्वाण परमस्थान प्रदायक श्री महावीर पूजा	72
10. बड़ी जयमाला	87
11. प्रशस्ति	90
12. सप्तपरमस्थान विधान की मंगल आरती	91
13. णमोकार महामंत्र महिमा	92
14. भजन	95
15. भजन	96

मण्डल का नक्शा



7 कोष्ठक में
प्रथम कोष्ठक में-54 अर्घ्य
द्वितीय कोष्ठक में-54 अर्घ्य
तृतीय कोष्ठक में-54 अर्घ्य
चतुर्थ कोष्ठक में-54 अर्घ्य
पंचम कोष्ठक में-54 अर्घ्य
षष्ठम कोष्ठक में-54 अर्घ्य
सप्तम कोष्ठक में-108 अर्घ्य

कुल अर्घ्य-432

कुल पूजा-8, कुल अर्घ्य-432, पूर्णार्घ्य-7, जयमाला-9

सप्तपरमस्थान तीर्थंकर विधान

मंगलाचरण

ॐ नमो मंगलं कुर्यात्, ह्रीं नमश्चापि मंगलम्।
मोक्षबीजं महामंत्रं, अर्हं नमः सुमंगलम्।।1।।

ऋषभेश्वर! नौमि त्वां, सज्जातिपददायकम्।
चंद्रप्रभं जिनं वन्दे, सद्गार्हस्थ्यविधायकम्।।2।।

नेमिनाथ! नमामि त्वां, पारिव्राज्यपदाप्तये।
सुरेन्द्रत्वपदप्राप्त्यै, पार्श्वनाथं नमाम्यहम्।।3।।

शीतलेश! नमामि त्वां, साम्राज्यस्थानप्राप्तये।
आर्हन्त्यपदप्राप्त्यर्थं, शांतिनाथं नुमो मुदा।।4।।

निर्वाणपदलब्ध्यर्थं, महावीरस्वामिनं नुमः।
सप्ततीर्थंकरान् नौमि, सप्तभयविहानये।।5।।

सप्ततीर्थंकरा लोके, सप्तपरमस्थानदाः।
सर्वसिद्धिप्रदातार-स्तेभ्यो मेऽनन्तशो नमः।।6।।

सप्तभूमिमतिक्रम्य, येऽष्टमीभूमिहेतवे।
यजन्ते भक्तितो भव्याः, प्राप्नुवन्त्यन्तिमां गतिम्।।7।।

अथ जिनयज्ञप्रतिज्ञापनाय मंडलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

सप्तपरमस्थान तीर्थंकर पूजा

(समुच्चय पूजा)

–स्थापना-गीता छंद–

तीर्थेश जिनवर सप्त को, प्रणमूँ सदा वर भाव से।
श्री सप्तपरमस्थान हेतु, नित्य पूजूँ चाव से।।
आह्वान थापन सन्निधापन, भक्ति श्रद्धा से करूँ।
सज्जाति से निर्वाण तक, पद सप्त की अर्चा करूँ।।1।।

–दोहा–

ऋषभदेव श्रीचंद्रप्रभ, नेमि पार्श्व भगवान।
शीतल जिन श्री शांतिप्रभु-महावीर गुणखान।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्रदायक! श्री ऋषभदेव-चन्द्रप्रभ-नेमिनाथ-पार्श्वनाथ-शीतलनाथ-शांतिनाथ-महावीरस्वामितीर्थंकरसमूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्रदायक! श्री ऋषभदेव-चन्द्रप्रभ-नेमिनाथ-पार्श्वनाथ-शीतलनाथ-शांतिनाथ-महावीरस्वामितीर्थंकरसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्रदायक! श्री ऋषभदेव-चन्द्रप्रभ-नेमिनाथ-पार्श्वनाथ-शीतलनाथ-शांतिनाथ-महावीरस्वामितीर्थंकरसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टक –(चाल-नंदीश्वर-श्रीजिनधाम)

जल शीतल निर्मल शुद्ध, केशर मिश्र करूँ।
अंतर्मल क्षालन हेतु, शुभ त्रय धार करूँ।।
मैं सप्तपरमपद हेतु, सप्त जिनेन्द्र जजूँ।
सब कर्म कलंक विदूर, परिनिर्वाण भजूँ।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवादितीर्थंकरेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरभित अलिचुंबित गंध, कुंकुम संग मिला।
भव दाह निकंदन हेतु, चर्चत सौख्य मिला।।
मैं सप्तपरमपद हेतु, सप्त जिनेन्द्र जजूँ।
सब कर्म कलंक विदूर, परिनिर्वाण भजूँ।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवादितीर्थंकरेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

मुक्ताफल सम वर शुभ्र, तंदुल धोय धरूँ।
वर पुंज चढ़ाऊँ आन, उत्तम सौख्य वरूँ।।
मैं सप्तपरमपद हेतु, सप्त जिनेन्द्र जजूँ।
सब कर्म कलंक विदूर, परिनिर्वाण भजूँ।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवादितीर्थंकरेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

मंदार वकुल मचकुंद, सुरभित पुष्प लिया।
मदनारि विनाशन हेतु, अर्चूं खोल हिया।।
मैं सप्तपरमपद हेतु, सप्त जिनेन्द्र जजूँ।
सब कर्म कलंक विदूर, परिनिर्वाण भजूँ।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवादितीर्थंकरेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

बहुविध उत्तम पकवान, घृत से पूर्ण भरे।
निज क्षुधा निवारण हेतु, अर्चूं भक्ति भरे।।
मैं सप्तपरमपद हेतु, सप्त जिनेन्द्र जजूँ।
सब कर्म कलंक विदूर, परिनिर्वाण भजूँ।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवादितीर्थंकरेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घृत दीपक ज्योति प्रकाश, जगमग ज्योति करे।
दीपक से पूजा सत्य, ज्ञान उद्योत करे।।
मैं सप्तपरमपद हेतु, सप्त जिनेन्द्र जजूँ।
सब कर्म कलंक विदूर, परिनिर्वाण भजूँ।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवादितीर्थंकरेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

दशगंध सुगंधित धूप, खेवत पाप जरें।
वर सप्त पदों को पूज, उत्तम सौख्य वरें।।
मैं सप्तपरमपद हेतु, सप्त जिनेन्द्र जजूँ।
सब कर्म कलंक विदूर, परिनिर्वाण भजूँ।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवादितीर्थंकरेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

बादाम सुपारी दाख, एला थाल भरे।
फल से पूजत शिव सौख्य, अनुपम प्राप्त करें।।
मैं सप्तपरमपद हेतु, सप्त जिनेन्द्र जजूँ।
सब कर्म कलंक विदूर, परिनिर्वाण भजूँ।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवादितीर्थंकरेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन अक्षत पुष्प, नेवज दीप लिया।
वर धूप फलों से युक्त, उत्तम अर्घ्य किया।।
मैं सप्तपरमपद हेतु, सप्त जिनेन्द्र जजूँ।
सब कर्म कलंक विदूर, परिनिर्वाण भजूँ।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवादितीर्थंकरेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–सोरठा –

शांतीधारा देय, सप्तपरमपद को जजूँ।
परम शांति सुख हेतु, सब जग शांती हेतु मैं।।10।।

शांतये शांतिधारा।

चंपक हरसिंगार, पुष्प सुगंधित लायके।
सप्तपरमपद हेतु, पुष्पांजलि अर्पण करूँ।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य मंत्र- **(1) ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवादि-सप्ततीर्थंकरेभ्यो नमः।**

(2) ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेव-चंद्रप्रभ-नेमिनाथ-पार्श्वनाथ-शीतलनाथ-शांतिनाथ-महावीर-तीर्थंकरेभ्यो नमः।

जयमाला

–दोहा–

गुणरत्नाकर सप्तजिन, भव्यकुमुद भास्वान।
सप्तपरमपद पाय के, भोगें सुख निर्वाण।।1।।

चाल-श्रीपति जिनवर.....

शुभजाति गोत्र वरवंश तिलक, जो सज्जाती के जन्मे हैं।
जो उभय पक्ष की शुद्धि सहित, औ उच्चगोत्र में जन्मे हैं।।
वे प्रथम परम पद सज्जाती, पाकर छहपद के अधिकारी।
वह सज्जाती स्थान सदा, भव भव में होवे गुणकारी।।2।।

धर्मार्थ काम त्रय वर्गों को, जो बाधा रहित सदा सेते।
पंचाणुव्रत औ सप्तशील, धारण कर सद्गृहस्थ होते।।
वे ही भव भोगों से विरक्त, जिनदीक्षा धर मुनि बनते हैं
प्राव्राज्य तृतीय परम पद पा, निज आतम अनुभव करते हैं।।3।।

विधिवत् सन्यास मरण करके, देवेन्द्र परम पद पाते हैं।
स्वर्गों के अनुपम भोगभोग, फिर चक्रीश्वर बन जाते हैं।।
सोलह कारण भावन भाकर, तीर्थंकर पद को पाते हैं।
छठवें आर्हन्त्य परम पद को, पाकर शिवमार्ग चलाते हैं।।4।

सब कर्म अघाती भी विनाश, निर्वाण रमापति हो जाते।
जो काल अनन्तानन्तों तक, सुखसागर में निमग्न होते।।
इन सप्त परमस्थानों को, क्रम से भविजन पा लेते हैं।
जो सप्तपरमपद व्रत करते, वे अंतिमपद वर लेते हैं।।5॥

श्री ऋषभदेव सज्जाति परम, स्थान प्रदाता माने है।
श्री चंद्रप्रभू जिन सद्गृहस्थ स्थान विधाता माने हैं।।
श्रीनेमिनाथ पारिव्राज परमस्थान प्रदायक मुनि कहते।
श्री पार्श्वनाथ की पूजा से स्थान सुरेन्द्र भव्य लहते।।6।।

श्री शीतलप्रभु की पूजा से साम्राज्य परम पद मिलता है।
श्री शांतिनाथ का मंत्र जपें आर्हन्त्य परमपद मिलता है।।
श्री वीरप्रभु की भक्ती से निर्वाण परम पद पाते हैं।
जो भक्ती से पूजन करते वे अंतिम पद पा जाते हैं।।7।।

ये एक-एक तीर्थंकर भी सम्पूर्ण परमपद देते हैं।
फिर भी आराधन पृथक्-पृथक्, आगम में मुनिगण कहते हैं।।
जो सप्त परमस्थान भजें, व्रत करें भक्ति से यजन करें।
वे लौकिक सुख संपत्ति पाय, लोकोत्तर लक्ष्मी वरण करें।।8।।

–घत्ता–

जय सप्तपरमपद, त्रिभुवन सुखप्रद,
जय जिनवर पद नित्य नमूँ।
'सज्ज्ञानमतीधर', शिव लक्ष्मीवर,
जिनगुण सम्पत्ती परणूँ।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवादितीर्थंकरेभ्यः जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

–गीता छंद–

जो सप्तपरमस्थान तीर्थंकर विधान सदा करें।
वे भव्य क्रम से सप्तपरमस्थान की प्राप्ती करें।।
संसार के सुख प्राप्त कर फिर सिद्धिकन्या वश करें।
सज्ज्ञानमति रविकिरण से भविमन कमल विकसित करें।।1।।

।।इत्याशीर्वादः, पुष्पांजलिः।।

सज्जातिपरमस्थानप्रदायक
श्री ऋषभदेव जिनपूजा

स्थापना– गीता छंद

हे ऋषभदेव जिनेन्द्र! आदिनाथ!युगस्रष्टा तुम्हीं।
युग आदि में इस कर्मभूमी, के प्रभो! कर्ता तुम्हीं।।
तुम ही प्रजापतिनाथ! मुक्ती के विधाता हो तुम्हीं।
सज्जाति परमस्थान दाता, नाथ! अब तिष्ठो यहीं।।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्रदायक! श्री ऋषभदेव! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्रदायक! श्री ऋषभदेव! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं अर्हं सप्तपरमस्थानप्रदायक! श्री ऋषभदेव!अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथ अष्टकं

जिनवचसम शीतल नीर, कंचन भृंग भरूँ।
जिन चरणांबुज में धार, दे जगद्वंद्व हरूँ।।
श्री ऋषभदेव जिनराज, पूजूँ तीर्थंकर।
सज्जाति परमस्थान, पाऊँ क्षेमंकर।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं सज्जातिपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवतीर्थंकरायजन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनतनुसम सुरभित गंध, सुवरण पात्र भरूँ।
जिनचरण सरोरुह चर्च, भव संताप हरूँ।।
श्री ऋषभदेव जिनराज, पूजूँ तीर्थंकर।
सज्जाति परमस्थान, पाऊँ क्षेमंकर।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं सज्जातिपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय संसारताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनगुणसम उज्ज्वल धौत, अक्षत थाल भरे।
जिन चरण निकट धर पुंज, अक्षय सौख्य भरे।।
श्री ऋषभदेव जिनराज, पूजूँ तीर्थंकर।
सज्जाति परमस्थान, पाऊँ क्षेमंकर।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं सज्जातिपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनयशसम सुरभित श्वेत, कुंद गुलाब लिये।
मदनारिजयी जिनपाद, पूजूँ हर्ष हिये।।
श्री ऋषभदेव जिनराज, पूजूँ तीर्थंकर।
सज्जाति परमस्थान, पाऊँ क्षेमंकर।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं सज्जातिपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय कामबाणविनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवचनामृत सम शुद्ध, व्यंजन थाल भरे।
परमामृत तृप्त जिनेन्द्र, पूजत भूख टरे।।
श्री ऋषभदेव जिनराज, पूजूँ तीर्थंकर।
सज्जाति परमस्थान, पाऊँ क्षेमंकर।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं सज्जातिपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वरभेद ज्ञान सम ज्योति, जगमग दीप लिये।
जिनपद पूजत ही होत, ज्ञान उद्योत हिये।।
श्री ऋषभदेव जिनराज, पूजूँ तीर्थंकर।
सज्जाति परमस्थान, पाऊँ क्षेमंकर।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं सज्जातिपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय मोहांधकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

दशगंध सुगंधित धूप, खेवत कर्म जरे।
निज आतम गुण सौगंध्य, दश दिश माहिं भरे।।

श्री ऋषभदेव जिनराज, पूजूँ तीर्थंकर।
सज्जाति परमस्थान, पाऊँ क्षेमंकर।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं सज्जातिपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन ध्वनिसम मधुर रसाल, आम अनार भले।
जिनपद पूजत तत्काल, फल सर्वोच्च मिले।।
श्री ऋषभदेव जिनराज, पूजूँ तीर्थंकर।
सज्जाति परमस्थान, पाऊँ क्षेमंकर।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं सज्जातिपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन अक्षत पुष्प, नेवज दीप लिया।
वर धूप फूलों से युक्त, अर्घ समर्प्य किया।।
श्री ऋषभदेव जिनराज, पूजूँ तीर्थंकर।
सज्जाति परमस्थान, पाऊँ क्षेमंकर।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं सज्जातिपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–सोरठा –

सरयूनदी सुनीर, जिनपद पंकज धार दे।
शीघ्र हरो भव पीर, शांतीधारा शांतिकर।।10।।

शांतये शांतिधारा।

बेला कमल गुलाब, चंप चमेली ले घने।
आदीश्वर पादाब्ज, पूजत ही सुख संपदा।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

पंचकल्याणक अर्घ्य

–शंभु छंद –

यह पुरी अयोध्या इंद्र रचित, चौदहवें कुलकर नाभिराज।
माता मरुदेवी के आँगन, बहु रत्न वृष्टि की धनदराज।।

आषाढ़ वदी द्वितीया सर्वारथ, सिद्धी से अहमिंद्र देव।
माता के गर्भ बसे आकर, इंद्रों ने की पितु मात सेव।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं आषाढ़कृष्णाद्वितीयायां श्रीऋषभदेवतीर्थंकरगर्भकल्याणकाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री ह्री धृति आदि देवियों ने, माता की सेवा भक्ती की।
नाना विध गूढ़ प्रश्न करके, माता की अतिशय तृप्ती की।।
शुभ चैत्र वदी नवमी जन्में, प्रभु त्रिभुवन में अति हर्ष हुआ।
इन्द्रों ने आ प्रभु को लेकर, मेरू पर अतिशय न्हवन किया।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं चैत्रकृष्णानवम्यां श्रीऋषभदेवतीर्थंकरजन्मकल्याणकाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पुरुदेव निलांजना नृत्य देख, वैराग्यभाव मन में लाये।
लौकांतिक सुर स्तुति करते, सुर सुदर्शना पालकि लाये।।
नक्षत्र उत्तराषाढ़ चैत वदि, नवमी प्रभु सिद्धार्थ वन में।
छह मास योग ले दीक्षा ली, मैं अर्घ्य चढ़ाऊँ प्रभु पद में।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं चैत्रकृष्णनवम्यां श्रीऋषभदेवतीर्थंकरदीक्षाकल्याणकाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

छह मास योग के बाद प्रभू, मुनिचर्या बतलाने निकले।
गजपुर में अक्षयतृतिया को, आहार दिया श्रेयांस मिले।।
इक सहस वर्ष तप तपने से, केवलज्ञानी होकर चमके।
दिव्यध्वनि से जग संबोधा, फाल्गुन वदि एकादशि तिथि के।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं फाल्गुनकृष्णाएकादश्यां श्रीऋषभदेवतीर्थंकरकेवलज्ञान-कल्याणकाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बारह विध सभा बनी सुंदर, मुनि आर्या सुरनर पशुगण थे।
प्रभु समवसरण में वृषभसेन, आदिक चौरासी गणधर थे।।
तीजे युग में त्रय वर्ष सार्ध, अरु मास शेष अष्टापद से।
चौदह दिन योग निरुद्ध माघ, वदि चौदश के प्रभु मुक्ति बसे।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं माघकृष्णाचतुर्दश्यां श्रीऋषभदेवतीर्थंकरमोक्षकल्याणकाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा, दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

(54 अर्घ्य)

–दोहा–

परम चिदंबर चित्पुरुष, चिदानंद भगवान्।
पुष्पांजलि अर्पण करत, मिले सौख्य अमलान।।1।।

अथ मंडलस्योपरि प्रथमकोष्ठके पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

ॐ ह्रीं युगादिपुरुषगुणविभूषिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

ॐ ह्रीं अनादिनिधनगुणन्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

ॐ ह्रीं वियद्गामिगुणविभूषिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

ॐ ह्रीं जागरूकगुणविशिष्टाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

ॐ ह्रीं अतीन्द्रियगुणविकसिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

ॐ ह्रीं अनन्तर्द्धिगुणधारकाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

ॐ ह्रीं अचिन्त्यर्द्धिगुणप्राप्ताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

ॐ ह्रीं अमेयर्द्धिगुणप्राप्ताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

ॐ ह्रीं पराघ्र्यगुणधारकाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

ॐ ह्रीं मौनिगुणनिधानाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

ॐ ह्रीं धुर्यगुणधारकाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

ॐ ह्रीं भटगुणप्रकटिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

ॐ ह्रीं शूरगुणविवर्द्धकाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

ॐ ह्रीं सार्थवाहगुणविधायकाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

ॐ ह्रीं शिवाध्वगुणविधायकाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

ॐ ह्रीं मोक्षसाधनोपायप्रदर्शक-साधुगुणनिधानाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

ॐ ह्रीं द्वादशगणवेष्टित-गणिगुणविभूषिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

ॐ ह्रीं सुताधारगुणसमन्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

ॐ ह्रीं पाठकगुणसमन्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

ॐ ह्रीं अतीन्द्रियार्थदृग्गुणविभूषिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

ॐ ह्रीं आदीशगुणविभूषिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

ॐ ह्रीं आदिभूभर्तृगुणविधानाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

ॐ ह्रीं आदिमगुणविभूषिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

ॐ ह्रीं आदिजिनेश्वरगुणसमन्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

ॐ ह्रीं आदितीर्थंकरगुणविभूषिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।25।।

ॐ ह्रीं आदिसृष्टिकृद्गुणविकसिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।26।।

ॐ ह्रीं आदिदेशकगुणविभूषिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।27।।

ॐ ह्रीं आदिब्रह्मगुणप्राप्ताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।28।।

ॐ ह्रीं आदिनाथगुणधारकाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।29।।

ॐ ह्रीं अर्च्चगुणप्राप्ताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।30।।

ॐ ह्रीं आदिषट्कर्मदेशकगुणान्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।31।।

ॐ ह्रीं आदिधर्मविधातृगुणान्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।32।।

ॐ ह्रीं आदिधर्मराजगुणप्रकटिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।33।।

ॐ ह्रीं अग्रजगुणसमन्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।34।।

ॐ ह्रीं अग्रिमगुणविभूषिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।35।।

ॐ ह्रीं श्रेयान्गुणसमन्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।36।।

ॐ ह्रीं श्रेयस्करगुणसमन्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।37।।

ॐ ह्रीं श्रेयोगुणसमन्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।38।।

ॐ ह्रीं श्रेयोऽग्रणीगुणनिधानाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।39।।

ॐ ह्रीं सुखावहगुणान्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।40।।

ॐ ह्रीं श्रेयोद्गुणविकसिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।41।।

ॐ ह्रीं श्रेयवाराशिगुणान्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।42।।

ॐ ह्रीं श्रेयवान्गुणसमन्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।43।।

ॐ ह्रीं श्रेयसंभवगुणमंडिताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।44।।

ॐ ह्रीं नाभेयगुणनिधानाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।45।।

ॐ ह्रीं आदियोगीन्द्रगुणप्राप्ताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।46।।

ॐ ह्रीं मनुगुणप्रधानाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।47।।

ॐ ह्रीं आद्यगुणविशिष्टाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।48।।

ॐ ह्रीं कुलकरगुणसनाथाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।49।।

ॐ ह्रीं सन्मतिप्रियगुणान्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।50।।

ॐ ह्रीं संस्कृतगुणसमन्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।51।।

ॐ ह्रीं प्राकृतगुणसमन्विताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।52।।

ॐ ह्रीं प्राज्ञगुणनिधानाय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।53।।

ॐ ह्रीं जिनाद्याद्यगुणप्राप्ताय श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।54।।

–पूर्णार्घ्य –

मात-पिता कुल उभय पक्ष की, शुद्धी सज्जाती है।
सम्यग्दर्शन सहित भव्य को, निश्चित मिल जाती है।।
सज्जाति स्थान प्रदाता, प्रभु को नित्य भजूँ मैं।
ऋषभदेव को अष्टद्रव्य ले, हर्षित भाव जजूँ मैं।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं सज्जातिपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जाप्य मंत्र– **ॐ ह्रीं अर्हं सज्जातिपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय नमः।**

जयमाला

–दोहा –

तीर्थंकर गुण रत्न को, गिनत न पावें पार।
तीन रत्न के हेतु मैं, नमूँ अनंतों बार।।1।।

–शंभु छंद –

श्री वृषभसेन आदिक चौरासी, गणधर मुनि चौरासि सहस।
ब्राह्मी गणिनी त्रय लाख पचास, हजार आर्यिका व्रतसंयुत।।
त्रय लाख सुश्रावक पाँच लाख, श्राविका प्रभू का चउ संघ था।
आयू चौरासी लाख पूर्व, वत्सर व पाँच सौ धनु तनु था।।2।।

– अनंगशेखर छंद –

जयो जिनेन्द्र! आपके महान दिव्य ज्ञान में,
त्रिलोक और त्रिकाल एक साथ भासते रहे।
जयो जिनेन्द्र! आपका अपूर्व तेज देखके,
असंख्य सूर्य और चंद्रमा भि लाजते रहे।।1।।
जयो जिनेन्द्र! आपकी ध्वनी अनच्छरी खिरे,
तथापि संख्य भाषियों को बोध है करा रही।

जयो जिनेन्द्र! आपका अचिन्त्य ये महात्म्य देख,
सुभक्ति से प्रजा समस्त आप आप आ रही।।2।।
जिनेश! आपकी सभा असंख्य जीव से भरी,
अनंत वैभवों समेत भव्य चित्त मोहती।
जिनेश! आपके समीप साधु वृंद औ गणीन्द्र,
केवली मुनीन्द्र और आर्यिकायें शोभतीं।।3।।
सुरेन्द्र देवियों की टोलियाँ असंख्य आ रही,
खगेश्वरों की पंक्तियाँ अनेक गीत गा रहीं।
सुभूमि गोचरी मनुष्य नारियाँ तमाम हैं,
पशू तथैव पक्षियों कि टोलियाँ भी आ रहीं।।4।।
सुबारहों सभा स्वकीय ही स्वकीय में रहें,
असंख्य भव्य बैठ के जिनेश देशना सुनें।
सुतत्त्व सात नौ पदार्थ पाँच अस्तिकाय और,
द्रव्य छह स्वरूप को भले प्रकार से गुनें।।5।।
निजात्म तत्त्व को संभाल तीन रत्न से निहाल,
बार-बार भक्ति से मुनीश हाथ जोड़ते।
अनंत सौख्य में निमित्त आपको विचार के,
अनंत दुःख हेतु जान कर्मबंध तोड़ते।।6।।
स्वमोह बेल को उखाड़ मृत्युमल्ल को पछाड़,
मुक्ति अंगना निमित्त लोक शीश जा बसें।
प्रसाद से हि आपके अनंत भव्य जीव राशि,
आपके समान होय आप पास आ लसें।।7।।
असंख्य जीव मात्र दृष्टि समीचीन पायके,
अनंतकाल रूप पंच परावर्त मेटते।
सुभक्ति के प्रभाव से असंख्य कर्म निर्जरा,
करें अनंत शुद्धि से निजात्म सौख्य सेवते।।8।।

–दोहा–

वृषभ चिन्ह स्वर्णिम तनू, प्रथम तीर्थंकर आप।
'ज्ञानमती' सुख शांति दे, करो हमें निष्पाप।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं सज्जातिपरमस्थानप्राप्तये श्रीऋषभदेवतीर्थंकराय जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। पुष्पांजलिः।

–गीता छंद –

जो सप्तपरमस्थान तीर्थंकर विधान सदा करें।
वे भव्य क्रम से सप्तपरमस्थान की प्राप्ती करें।।
संसार के सुख प्राप्त कर फिर सिद्धिकन्या वश करें।
सज्ज्ञानमति रविकिरण से भविमन कमल विकसित करें।।1।।

।।इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिः।।

सद्गृहस्थ परमस्थानप्रदायक
श्री चन्द्रप्रभ पूजा

–अथ स्थापना-नरेन्द्र छंद –

अर्धचन्द्र सम सिद्ध शिला पर, श्रीचन्द्रप्रभ राजें।
चन्द्रकिरण सम देह कांति को, देख चन्द्र भी लाजे।।
सद्गार्हस्थ्य परमपद पाऊँ, नाथ! आप गुण गाके।
आह्वानन स्थापन करके, यजन करूँ हर्षाके।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्य-परमस्थानप्रदायक! श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकर! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्य-परमस्थानप्रदायक! श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकर! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्य-परमस्थानप्रदायक! श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकर! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

–अथ अष्टकं-नरेन्द्रछंद –

गंगा सरिता का निर्मल जल, रजत कलश भर लाऊँ।
श्री चन्द्रप्रभ चरण कमल में, धारा तीन कराऊँ।।
मुनि मनकुमुद विकासी चंदा, चन्द्रप्रभू को पूजूँ।
सद्गृहस्थस्थान प्राप्तकर, भव भव दुःख से छूटूँ।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्यपरमस्थानप्राप्तये श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय जन्मजरा-मृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरि चंदन केशर घिस, गंध सुगंधित लाऊँ।
जिनवर चरण कमल में चर्चूं, निजानंद सुख पाऊँ।।
मुनि मनकुमुद विकासी चंदा, चन्द्रप्रभू को पूजूँ।
सद्गृहस्थस्थान प्राप्तकर, भव भव दुःख से छूटूँ।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्यपरमस्थानप्राप्तये श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्द्रकिरणसम उज्ज्वल तंदुल, लेकर पुंज रचाऊँ।
अमल अखंडित सुख से मंडित, निजआतम पद पाऊँ।।
मुनि मनकुमुद विकासी चंदा, चन्द्रप्रभू को पूजूँ।
सद्गृहस्थस्थान प्राप्तकर, भव भव दुःख से छूटूँ।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्यपरमस्थानप्राप्तये श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

मल्ली बेला कमल केवड़ा, पुष्प सुगंधित लाऊँ।
जिनवर चरण कमल में अर्पूं, निजगुण यश विकसाऊँ।।
मुनि मनकुमुद विकासी चंदा, चन्द्रप्रभू को पूजूँ।
सद्गृहस्थस्थान प्राप्तकर, भव भव दुःख से छूटूँ।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्यपरमस्थानप्राप्तये श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय कामबाण-विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

अमृतपिंड सदृश चरु ताजे, घेवर मोदक लाऊँ।
जिनवर आगे अर्पण करते, सब दुःख व्याधि नशाऊँ।।
मुनि मनकुमुद विकासी चंदा, चन्द्रप्रभू को पूजूँ।
सद्गृहस्थस्थान प्राप्तकर, भव भव दुःख से छूटूँ।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्यपरमस्थानप्राप्तये श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घृत दीपक में ज्योति जलाकर, करूँ आरती भगवन्।
निज घट का अज्ञान दूर हो, ज्ञानज्योति उद्योतन।।
मुनि मनकुमुद विकासी चंदा, चन्द्रप्रभू को पूजूँ।
सद्गृहस्थस्थान प्राप्तकर, भव भव दुःख से छूटूँ।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्यपरमस्थानप्राप्तये श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय मोहांधकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगर तगर चंदन से मिश्रित, धूप सुगंधित लाऊँ।
अशुभ कर्म के दग्ध हेतु मैं, अग्नी संग जलाऊँ।।

मुनि मनकुमुद विकासी चंदा, चन्द्रप्रभू को पूजूँ।
सद्गृहस्थस्थान प्राप्तकर, भव भव दुःख से छूटूँ।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्यपरमस्थानप्राप्तये श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सेव आम अंगूर सरस फल, लाके थाल भराऊँ।
जिनवर सन्निध अर्पण करते, परमानंद सुख पाऊँ।।
मुनि मनकुमुद विकासी चंदा, चन्द्रप्रभू को पूजूँ।
सद्गृहस्थस्थान प्राप्तकर, भव भव दुःख से छूटूँ।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्यपरमस्थानप्राप्तये श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन अक्षत कुसुमावलि, आदिक अर्घ बनाऊँ।
उसमें रत्न मिलाकर अर्पूं, तीनरत्न निज पाऊँ।।
मुनि मनकुमुद विकासी चंदा, चन्द्रप्रभू को पूजूँ।
सद्गृहस्थस्थान प्राप्तकर, भव भव दुःख से छूटूँ।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्यपरमस्थानप्राप्तये श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–दोहा–

पद्मसरोवर नीर से, चन्द्रप्रभ चरणाब्ज।
त्रयधारा विधि से करूँ, मिले शांति साम्राज्य।।10।।

शांतये शांतिधारा।

जुही गुलाब सुगंधियुत, वर्ण वर्ण के फूल।
पुष्पांजलि अर्पण करत, मिले सौख्य अनुकूल।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

पंचकल्याणक अर्घ्य

–गीताछंद–

जिनचंद्र विजयंते अनुत्तर, से चये आये यहाँ।
महासेन पितु माँ लक्ष्मणा के, गर्भ में तिष्ठे यहाँ।।

शुभ चंद्रपुरि में चैत्रवदि, पंचमि तिथी थी शर्मदा।
इंद्रादि मिल उत्सव किया, मैं पूजहूँ गुणमालिका।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं चैत्रकृष्णापंचम्यां चन्द्रप्रभतीर्थंकरगर्भकल्याणकाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री चन्द्र जिनवर पौष कृष्णा, ग्यारसी शुभयोग में।
जन्में उसी क्षण सर्व बाजे, बज उठे सुरलोक में।।
तिहुँलोक में भी हर्ष छाया, तीर्थकर महिमा महा।
सुरशैल पर जन्माभिषव को, देखते ऋषि भी वहाँ।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं पौषकृष्णाएकादश्यां चन्द्रप्रभतीर्थंकरजन्मकल्याणकाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आदर्श में मुख देखकर, वैराग्य उपजा नाथ को।
वदि पौष एकादशि दिवस, इंद्रादि सुर आये प्रभो।।
पालकी विमला में बिठा, सर्वर्तुवन में ले गये।
स्वयमेव दीक्षा ली किया, बेला जगत वंदित हुए।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं पौषकृष्णाएकादश्यां चन्द्रप्रभतीर्थंकरदीक्षाकल्याणकाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

फाल्गुन वदी सप्तमि तिथी, सर्वर्तुवन में आ गये।
तरु नाग नीचे ज्ञान केवल, हुआ सुरगण आ गये।।
धनपति समवसृति को रचा, श्रीचंद्रप्रभ राजें वहाँ।
द्वादशगणों के भव्य जिनध्वनि, सुनें अति प्रमुदित वहाँ।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं फाल्गुनकृष्णासप्तम्यां चन्द्रप्रभतीर्थंकरज्ञानकल्याणकाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री चंद्रजिन फाल्गुन सुदी, सप्तमि निरोधा योग को।
सम्मेदगिरि से मुक्ति पायी, जजें सुरपति भक्ति सों।।
हम भक्ति से श्रीचंद्रप्रभ, सम्मेदगिरि को भी जजें।
निज आत्म संपति दीजिए, इस हेतु ही प्रभु को भजें।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं फाल्गुनशुक्लासप्तम्यां चन्द्रप्रभतीर्थंकरमोक्षकल्याणकाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा, दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य (54 अर्घ्य)

–दोहा–

ज्ञान नेत्र से लोकते, लोक अलोक समस्त।
चंद्रप्रभ जिनराज मम, शिवपथ करो प्रशस्त।।1।।

अथ मंडलस्योपरि द्वितीयकोष्ठके पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

ॐ ह्रीं जिनानां स्वामिस्वरूपजिनेन्द्रगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

ॐ ह्रीं जिनधौरेयगुणसमन्विताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

ॐ ह्रीं जिनस्वामिगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

ॐ ह्रीं जिनाग्रणीगुणसमन्विताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

ॐ ह्रीं जिनेशगुणधारकाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

ॐ ह्रीं जिनशार्दूलगुणविशिष्टाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।6।

ॐ ह्रीं जिनाधीशगुणधारकाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।7।

ॐ ह्रीं जिनोत्तमगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।8।

ॐ ह्रीं जिनराजगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।9।

ॐ ह्रीं जिनज्येष्ठगुणधारकाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।10।

ॐ ह्रीं जिनेशिगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।11।

ॐ ह्रीं जिनपालकगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।12।

ॐ ह्रीं जिननाथगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।13।

ॐ ह्रीं जिनश्रेष्ठगुणधारकाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।14।

ॐ ह्रीं जिनमल्लगुणविशिष्टाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।15।

ॐ ह्रीं जिनोन्नतगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।16।

ॐ ह्रीं जिननेतृगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।17।

ॐ ह्रीं जिनस्रष्टृगुणविशिष्टाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।18।

ॐ ह्रीं जिनड्गुणधारकाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।19।

ॐ ह्रीं जिनपतिगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।20।

ॐ ह्रीं कर्मशत्रुविजयिजिननामप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।21।

ॐ ह्रीं जिनदेवगुणविशिष्टाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।22।

ॐ ह्रीं जिनादित्यगुणधारकाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।23।

ॐ ह्रीं जिनेशितृगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।24।

ॐ ह्रीं जिनेश्वरगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।25।

ॐ ह्रीं जिनवर्यगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।26।

ॐ ह्रीं जिनाराध्यगुणधारकाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।27।

ॐ ह्रीं जिनार्च्यगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।28।

ॐ ह्रीं जिनपुंगवगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।29।

ॐ ह्रीं जिनाधिपगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।30।

ॐ ह्रीं जिनध्येयगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।31।

ॐ ह्रीं जिनमुखगुणसमन्विताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।32।

ॐ ह्रीं जिनेडितगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।33।

ॐ ह्रीं जिनसिंहगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।34।

ॐ ह्रीं जिनप्रेक्षगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।35।

ॐ ह्रीं जिनवृद्धगुणधारकाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।36।

ॐ ह्रीं जिनोत्तरगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।37।

ॐ ह्रीं जिनमान्यगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।38।

ॐ ह्रीं जिनस्तुत्यगुणधारकाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।39।

ॐ ह्रीं जिनप्रभुगुणविशिष्टाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।40।

ॐ ह्रीं जिनोद्वहगुणधारकाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।41।

ॐ ह्रीं जिनपूज्यगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।42।

ॐ ह्रीं जिनाकांक्षिगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।43।

ॐ ह्रीं जिनेन्दुगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।44।

ॐ ह्रीं जिनसत्तमगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।45।

ॐ ह्रीं जिनाकारगुणधारकाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।46।

ॐ ह्रीं जिनोत्तुंगगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।47।

ॐ ह्रीं जिनपगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।48।

ॐ ह्रीं जिनकुंजरगुणप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।49।

ॐ ह्रीं जिनभर्तृगुणविशिष्टाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।50।

ॐ ह्रीं जिनाग्रस्थगुणविशिष्टाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।51।

ॐ ह्रीं जितभृत्गुणविशिष्टाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।52।

ॐ ह्रीं जिनचक्रभाग्गुणधारकाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।53।

ॐ ह्रीं जिनचक्रिगुणधारकाय श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।54।

–पूर्णार्घ्य –

सर्वजनों से मान्य जगत में, सद्गृहस्थ पद माना।
धर्म-अर्थ अरु काम-मोक्ष का, आकर श्रेष्ठ बखाना।।
सद्गार्हस्थ परम पद दाता, प्रभु को नित्य भजूँ मैं।
चंदाप्रभ को अष्टद्रव्य ले, हर्षित भाव जजूँ मैं।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्य-परमस्थानप्राप्तये श्रीचंद्रप्रभतीर्थंकराय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जाप्य – **ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्य-परमस्थानप्राप्तये श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय नमः।**

जयमाला

–दोहा –

परम हंस परमात्मा, परमानंद स्वरूप।
गाऊँ तुम गुण मालिका, अजर अमर पद रूप।।1।।

–शंभु छंद –

जय जय श्री चन्द्रप्रभो जिनवर, जय जय तीर्थंकर शिव भर्ता।
जय जय अष्टम तीर्थेश्वर तुम, जय जय क्षेमंकर सुख कर्ता।।
काशी में चन्द्रपुरी सुंदर, रत्नों की वृष्टी खूब हुई।
भू धन्य हुई जन धन्य हुए, त्रिभुवन में हर्ष की वृद्धि हुई।।2।।

प्रभु जन्म लिया जब धरती पर, इन्द्रों के आसन कंप हुए।
प्रभु के पुण्योदय का प्रभाव, तत्क्षण सुर के शिर नमित हुए।।
जिस वन में ध्यान धरा प्रभु ने, उस वन की शोभा क्या कहिए।
जहाँ शीतल मंद पवन बहती, षट् ऋतु के कुसुम खिले लहिये।।3।।

सब जात विरोधी गरुड़, सर्प, मृग, सिंह खुशी से झूम रहे।
सुर खेचर नरपति आ आकर, मुकुटों से जिनपद चूम रहे।।
दश लाख वर्ष पूर्वायू थी, छह सौ कर तुंग देह माना।
चिंतित फल दाता चिंतामणि, अरु कल्पतरू भी सुखदाना।।4।।

श्रीदत्त आदि त्रयानवे गणधर, मनपर्यय ज्ञानी माने थे।
मुनि ढाई लाख आत्मज्ञानी, परिग्रह विरहित शिवगामी थे।।
वरुणा गणिनी सह आर्यिकाएँ, त्रय लाख सहस अस्सी मानीं।
श्रावक त्रय लाख श्राविकाएँ, पण लाख भक्तिरस शुभध्यानी।।5।।

भव वन में घूम रहा अब तक, किंचित् भी सुख नहिं पाया हूँ।
प्रभु तुम सब जग के त्राता हो, अतएव शरण में आया हूँ।।
गणपति सुरपति नरपति नमते, तुम गुणमणि की बहु भक्ति लिए।
मैं भी नत हूँ तव चरणों में, अब मेरी भी रक्षा करिये।।6।।

–दोहा –

हे चन्द्रप्रभ! आपके, हुए पंच कल्याण।
मैं भी माँगूं आपसे, बस एकहि कल्याण।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्गार्हस्थ्य-परमस्थानप्राप्तये श्रीचन्द्रप्रभतीर्थंकराय जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

–गीता छंद –

जो सप्तपरमस्थान तीर्थंकर विधान सदा करें।
वे भव्य क्रम से सप्तपरमस्थान की प्राप्ती करें।।
संसार के सुख प्राप्त कर फिर सिद्धिकन्या वश करें।
सज्ज्ञानमति रविकिरण से भविमन कमल विकसित करें।।1।।

।।इत्याशीर्वादः, पुष्पांजलिः।।

पारिव्राज्य परमस्थानप्रदायक
श्री नेमिनाथ पूजा

–अथ स्थापना –

(तर्ज – करो कल्याण आतम का.....)

नमन श्री नेमि जिनवर को, जिन्होंने स्वात्मनिधि पायी।
तजी राजीमती कांता, तपो लक्ष्मी हृदय भायी।।
परिव्राड् बन सकूँ भगवन्! पधारो मुझ मनोम्बुज में।
करूँ मैं अर्चना रुचि से, अहो उत्तम घड़ी आई।।1।।
नमन श्री...।।

